महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

नैक की टीम करेगी हिंदी विश्वविद्यालय का मूल्यांकन

वर्धा दि. 20 फरवरी 2015 : मानव संसाधन विकास मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सभी विश्वविद्यालयों के लिए राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा मूल्यांकन एवं प्रत्यायन अनिवार्य कर दिया है। इस दिशा में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के मूल्यांकन हेतु नैक की पीयर टीम 22 फरवरी को विश्वविद्यालय पहुंच रही है। प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी की अध्यक्षता में आने वाली इस टीम में पांच अन्य सदस्य होंगे जिसमें प्रो. अवधेश प्रधान, प्रो. गोविंद प्रसाद, प्रो. ऊषा रानी नारायण, प्रो. सुशील कुमार शर्मा एवं नैक, बंगलौर के समन्वयक डॉ. गणेश हेगड़े शामिल हैं। यह टीम 23 फरवरी से 26 फरवरी तक विश्वविद्यालय का मूल्यांकन करेगी। नैक द्वारा विश्वविद्यालय का यह प्रथम मूल्यांकन है और इस संदर्भ में आवश्यक तैयारी के लिए कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र के निर्देशन में विभिन्न समितियाँ गठित की गई हैं। पहले दिन 23 फरवरी को कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र अपने कक्ष में पीयर टीम का स्वागत करेंगे। तत्पश्चात टीम को पॉवर प्वांइट प्रस्तुति देंगे तथा टीम के साथ बैठक करेंगे। इसी दिन आईक्यूएसी समन्वयक एवं सदस्यों के साथ बैठक होगी। विभागों एवं केंद्रों के निरीक्षण के लिए दो टीमें गठित की जाएँगी। टीम ए द्वारा संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र, फ्यूजी गुरूजी शांति अध्यन केंद्र तथा मानवविज्ञान विभाग का निरीक्षण किया जाएगा तथा टीम बी द्वारा स्त्री अध्ययन विभाग, अहिंसा एवं शांति अध्ययन विभाग और डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र का निरीक्षण संस्कृति विद्यापीठ में किया जाएगा। दोपहर के सत्र में टीम ए द्वारा शिक्षा विभाग एवं मनोविज्ञान विभाग तथा टीम बी द्वारा अनुवाद प्रौद्योगिकी विभाग तथा डायस्पोरा अध्ययन विभाग में निरीक्षण किया जाएगा। 23 को 4.15 बजे से हबीब तनवीर सभागार में दोनों टीमें विद्यार्थियों, अभिवावकों एवं भूतपूर्व विद्यार्थियों के साथ संवाद करेंगी। 23 की शाम को 6.30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। 24 फरवरी को टीम ए द्वारा भाषा प्रौद्योगिकी विभाग, भारतीय एवं विदेशी भाषा प्रगत अध्ययन केंद्र एवं विदेशी शिक्षण प्रकोष्ठ तथा प्रौद्योगिकी अध्ययन केंद्र एवं कम्प्यूटेशनल भाषा विज्ञान केंद्र का निरीक्षण करेगी वहीं टी बी नाट्यकला एवं फिल्म अध्ययन विभाग, हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग और डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर दलित एवं जनजाति अध्ययन केंद्र का निरीक्षण करेगी। दोपहर 2.40 से दोनों टीमें स्वामी सहजानंद सरस्वती संग्रहालय, प्रकाशन विभाग, राजभाषा विभाग एवं हिंदी समय का निरीक्षण कर परीक्षा प्रभारी एवं स्टाफ के साथ बैठक करेंगी। सायं 5 बजे हबीब तनवीर सभागार में शोधार्थियों से संवाद किया जाएगा। 25 फरवरी को टीम ए केंद्रीय पुस्तकालय का निरीक्षण कर वित्ताधिकारी के साथ बैठक करेगी। टीम बी द्वारा छात्र कल्याण अधिष्ठाता का कार्यालय, व्यायामशाला, कैंटीन, छात्रावास, स्वास्थ्य केंद्र, गांधी हिल एवं कबीर हिल का निरीक्षण किया जाएगा। दोपहर 12.10 बजे टीम ए कुलसचिव एवं गैर शैक्षणिक कर्मियों के साथ बैठक करेगी और टीम बी संकायाध्यक्षों एवं विभागाध्यक्षों के साथ बैठक करेगी। दोपहर 2.30 बजे से टीम ए और बी लीला विभाग, जनसंपर्क कार्यालय, परिसर विकास एवं लोकसूचना कार्यालय का निरीक्षण करेगी। दि. 26 फरवरी को कुलपति के साथ टीम के सदस्य रिपोर्ट पर चर्चा करेंगे एवं कुलपति को रिपोर्ट सौपेंगे। इसके बाद अंतिम बैठक आयोजित की जाएगी।